आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :323 पृष्ठ -4 दिनांक 26 नबम्बर 2024 दिन मंगलवार

# संभल हिंसा के आरोपी से मिला बेहद अजीब और खतरनाक हथियार

## संभल हिंसा के बाद इलाके में इंटरनेट और स्कूल बंद



संभल न्यूज यूपी के संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई जबरदस्त हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई है. मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह इसकी पुष्टि की है. पुलिस ने इस मामले में 21 आरोपियों को हिरासत किया है. जिनमें से एक आरोपी के पास से बेहद अजीब और खतरनाक हथियार मिला है. इसके दोनों तरफ तेजधार है. इस हथियार ने पुलिस के भी माथे पर पसीना ला दिया है. मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय सिंह ने कहा कि इस हिंसा के दौरान चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें से दो लोगों की 315 बोर की गोली लगने से मौत हुई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है. इसके अलावा पकड़े गए आरोपियों के घरों से भी हथियार बरामद हुए हैं. इनमें से एक आरोपी के पास ऐसा हथियार मिला है जो अब तक कभी नहीं देखा गया आरोपी से मिला अजीब सा हथियार ये हथियार चाकू जैसा दिखाई दे रहा है जो दो तरफ से धारदार है. जबकि इसके बीच में पकड़ने की जगह है. इसके दोनों तरफ से तेज धार है जिससे ज्यादा लोगों को घायल किया जा सकता है. पुलिस का कहना है कि ऐसे हथियार पहले कभी नहीं देखा गया है. हिरासत में लिए गए लोगों के मोबाइल की कॉल डिटेल और दूसरी जानकारियां भी निकाली जा रही हैं. हिंसा के बाद इलाके में इंटरनेट और स्कूल बंद संभल में कल हुई हिंसा के बाद आज हालात काबू हैं. इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 30 थानों की पुलिस को तैनात किया गया है. हालात को देखते हुए इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है. 30 नवंबर तक संभल में किसी भी बाहरी के आने पर रोक लगाई गई है. 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूल सोमवार तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं. पुलिस का कहना है आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि रविवार को जिला अदालत के आदेश पर पुलिस की टीम संभल की जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची थी. इस दौरान बवाल हो गया है. सर्वे का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस के साथ भिड़ गए और उन पथराव शुरू कर दिया. इस दौरान उपद्रवियों ने हिंसा और आग. जनी की. पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी. जिसके बाद हिंसा को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के दागने पड़े और हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा. इस हिंसा में कई पुलिसवालों को भी चोटे आई हैं.

## अलीगढ़ में आज का मौसम



अलीगढ़ में न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है जबकिअधिकतम तापमान 19.9 डिग्री तक जा सकता है. दिन भर में औसतन पारा 19.4 डिग्री सेल्सियस तक बना रहने की संभावना जताई जा रही है. इसके अलावा, हवा की गति के आसपास रहेगी. हवा 22.2 km/h की स्पीड के साथ लगभग 20 डिग्री पर चलेगी.

## एसएसपी ने 40 से अधिक दरोगाओं का किया तबादला, दो इंस्पेक्टर समेत तीन लाइनहाजिर

बरेली जिले में कई थानेदारों के तबादलों के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने 40 से ज्यादा दरोगाओं का तबादला कर दिया। इनके कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। एसएसपी ने दो इंस्पेक्टर और चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है।एसएसपी ने लव सिरोही को क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर क्राइम कोतवाली, अजय सिंह को इंस्पेक्टर क्राइम बिथरी चौनपुर से इंस्पेक्टर क्राइम नवाबगंज, विनोद कुमार को इंस्पेक्टर क्राइम नवाबगंज से पुलिस लाइन, वेद सिंह को बिथरी से इंस्पेक्टर क्राइम बिथरी चौनपुर बनाया है।एसएसपी ने दो इंस्पेक्टर व एक चौकी प्रभारी को ला. इनहाजिर कर दिया है। नवाबगंज के इंस्पेक्टर क्राइमविनोद कुमार व मीरगंज के इंस्पेक्टर क्राइम अवधेश कुमार को लाइन भेजा गया है। फतेहगंज पश्चिमी थाने की कस्बा चौकी के प्रभारी दरोगा बलवीर सिंह को भी लाइन में आमद कराने के आदेश दिए हैं।अवधेश कुमार को इंस्पेक्टर क्राइम मीरगंज से पुलिस लाइन, देवेंद्र कुमार सिंह को पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर क्राइम मीरगंज, रामवीर सिंह को क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर क्राइम देवरनियां, राजबली सिंह को आ. ईजीआरएस से इंस्पेक्टर क्राइम हा. फिजगंज, रवि कुमार को पुलिस लाइन से आईजीआरएस, यशपाल सिंह को क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर क्राइम महिला थाना भेजा गया है। इन्हें यहां भेजा गया शशांक सिंह को चौकी न्यू जिला जेल से बिथरी चौनपुर थाना, दरोगा रामवीर को बिथरी चौनपुर से चौकी न्यू जिला जेल, बलवीर सिंह को चौकी फतेहगंज पश्चिमी से पुलिस लाइन, विश्वदेव यादव को चौकी कुंडरा कोठी नवाबगंज से चौकी फतेहगंज पश्चिमी, राजकुमार को नवाबगंज से चौकी कुंडरा कोठी, संजीव कुमार को चौकी रामनगर आंवला से दरोगा फतेहगंज पूर्वी, नरेंद्र कुमार को हाफिजगंज से चौकी रामनगर, सुभाष चंद्र को मीरगंज से दरोगा बिशारतगंज, सुनील कुमार को चौकी बैरियर वन से उप निरीक्षक शीशगढ़, संजय सिंह को पुलिस लाइन से चौकी बैरियर वन भेजा गया।मासूम तुन को मिले मां–बापरू मेरठ में लावारिस मिली, मथुरा–बदायूं में पली, अब नया ठिकाना इटली बलवीर सिंह को आंवला से उप निरीक्षक आवंला, रामपाल सिंह को पुलिस लाइन से चौकी दुनका, सुधीर कुमार को चौकी दुनका से चौकी जिला अस्पताल, आनंद प्रकाश को चौकी जिला अस्पताल से उप निरीक्षक क्योलड़िया, हेमराज सिंह को चौकी परसाखेड़ा से सिरौली, सौरभ यादव को चौकी रिठौरा से चौकी परसाखेड़ा, वैभव गुप्ता को चौकी मॉडल टाउन से चौकी रिठौरा, विपिन कुमार को चौकी श्यामगंज से चौकी मॉडल टाउन, अखिलेश उपाध्याय को पुलिस लाइन से चौकी श्यामगंज का प्रभारी बनाया गया है।इनका भी हुआ तबादलाएसआई

जितेंद्र कुमार को फरीदपुर से चौकी देवरनियां, महेश पाल सिंह को चौकी देवरनियां से फरीदपुर, पुष्पेंद्र सिंह को फतेहगंज पश्चिमी से भोजीपुरा, तेजपाल सिंह को भोजीपुरा से फतेहगंज पश्चिमी, जावेद अख्तर को पुलिस लाइन से चौकी कांकरटोला, वकार अहमद को चौकी कांकरटोला से चौकी सुभाष नगर, आदित्य सिंह को चौकी सुभाष नगर से हाफिजगंज में भेजा गया है।सीबीगंज, बनवारी लाल को पुलिस लाइन से शाही, देवेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से बिथरी चौनपुर, जितेंद्र सिंह धामा को पुलिस लाइन से भुता, संगीता यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी महिला सुरक्षा हेतु गठित विशेष दल की जिम्मेदारी दी है।

# यूपी में बाबा का मैनेजमेंट, बबुआ का प्लान ध्वस्त

लखनऊः उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं. स्थिति स्पष्ट हो गई है, भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज कर ली है. इस उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को भारी नुकसान हुआ है. केवल करहल और सीसामऊ विधानसभा सीट छोड़ दें तो बाकी सभी सीटों पर सपा को करारी हार मिली है. जिस सीट पर बीते 31 व 33 वर्षों से बीजेपी नहीं जीती थी, वहां भी इस उपचुनाव में बड़े अंतर से जीत हासिल की है, जिसमें कटेहरी और कुंदरकी विधानसभा सीट शामिल है. पार्टी की इस बड़ी हार से अखिलेश यादव बैकफुट पर हैं. क्योंकि वो जिस जीत की उम्मीद से 2027 की तैयारी में थे, वो तैयारी धरी की धरी रह गई. बीजेपी के नारे का तोड़ नहीं निकाल पायी सपाउपचुनाव के दौरान बीजेपी ने एक नारा दिया, 'बंटेंगे तो कटेंगे'. इस नारे के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने एक के बाद एक नारे दिए. लेकिन एक भी नारा काम नहीं आया. यूपी के उपचुनाव में बीजेपी के इस नारे ने अपना काम बखूबी किया है. बीजेपी के नारे का काट ढूंढते हुए समाजवादी पार्टी ने नारा दिया, 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे.' यह नारा देवरिया जिले के समाजवादी पार्टी नेता और प्रदेश सचिव विजय प्रताप यादव ने दिया था.एक के बाद एक सपा ने दिए थे नारेइसके अलावा सपा ने कई इलाकों

उपचुनाव के दौरान बीजेपी ने एक नारा दिया, श्बंटेंगे तो कटेंगेश. इस नारे के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने एक के बाद एक नारे दिए. लेकिन एक भी नारा काम नहीं आया. यूपी के उपचुनाव में बीजेपी के इस नारे ने अपना काम बखूबी किया है.

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बीजेपी के इस नारे पर ट्वीट करते हुए कहा था, 'नकारात्मक नारा, उनकी नि. राशा–नाकामी का प्रतीक है. जिनका नजरिया जैसा, उनका नारा वैसा है.' इसके अलावा सपा ने एक और नारा दिया, 'ना बटेंगे न कटेंगे, पीडीए के संग रहेंगे.' सपा ने एक और नारा दिया था, 'मठाधीश बांटेंगे और काटेंगे, पीडीए जोड़ेगी और जीतेगी.' इसके अलावा सपा नेता अभिषेक बाजपेई की तरफ से एक पोस्टर लगाया गया, जिसपर लिखा था, 'अली भी हैं, बजरंगबली भी हैं, संग पीडीए की एकता की टोली भी है, जिस. देख विरोधियों में मच गई खलबली भी है.'इंडिया गठबंधन का नहीं दिखा असरभले ही कांग्रेस ने यूपी उपचुनाव में सपा को सपोर्ट करने का वादा किया, लेकिन कहीं कुछ असर नहीं दिखा और ना ही कोई बड़ा नेता नजर आया. दरअसल, शुरू में ही कांग्रेस–सपा के बीच खटास पैदा हो गई थी. क्योंकि कांग्रेस ने जो सीट सपा से मांगे, उसपर



सपा ने पहले ही अपने उम्मीदवार उतार दिए, जिससे कांग्रेस नाराज हो गई और अपने आप को पूरी तरह से उपचुनाव से बाहर कर लिया. उपचुनाव के दौरान राहुल गांधी बरेली भी आए लेकिन अखिलेश यादव से कोई मुलाकात नहीं हुई. कांग्रेस ने उपचुनाव में मेहनत दिखाने की कोशिश की. लेकिन दिख नहीं पाया. क्योंकि प्रदेश नेतृत्व के बड़े नेता वायनाड और महाराष्ट्र चले गए प्रचार करने.किस सीट से धोना पड़ा हाथ समाजवादी पार्टी उन सीटों को भी नहीं बचा पायी, जहां उसका कब्जा था. चाहे वो कुंदरकी हो या फिर कटेहरी. इन दोनों ही सीटों पर भाजपा तीन दशक से जीती नहीं थी. लेकिन इस बार के उपचुनाव में जीत हासिल कर ली. करहल में सपा शुरू से ही आगे थी, क्योंकि वो सपा का गढ़ है. लेकिन इसके अलावा सपा का जादू ना तो कटेहरी में चला, ना कुंदरकी में और ना ही मझवां में.बाबा के मैनेजमेंट के आगे बबुआ का प्लान फेल ये कहने में बिल्कुल ही गुरेज नहीं करना चाहिए कि यूपी उपचुनाव की जीत सीएम योगी आदित्यनाथ की जीत है. क्योंकि लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद सीएम योगी ने उपचुनाव की जिम्मेदारी खुद के हाथों में ली और पूरा मैनेजमेंट संभाला. किसको टिकट दिया जाएगा, कौन मंत्री किस सीट पर प्रचार करेगा, कौन स्टार प्रचारक होगा, ये सबकुछ सीएम योगी ने तय किया. सीएम योगी लोकसभा चुनाव वाली गलती दोहराने नहीं देना चाहते थे. क्योंकि लोकसभा चुनाव की हार से उनकी छवि पर भी एक डेंट लगा है, ये किसी से छिपा नहीं है और यही वजह है कि सीएम योगी ने खुद सबकुछ मैनेज किया और अखिलेश यादव के हर प्लान को फेल कर दिया.

## नोएडा में महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 34 लाख रूपये, आपत्तिजनक सामग्री मिलने का दिखाया डर

उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है. ऐसा ही एक मामला गौतमबुद्धनगर जिला के नोएडा का है, जहां गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस ने आपत्तिजनक वस्तुओं को ईरान भेजने के नाम पर एक महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' कर कथित रूप से 34 लाख रुपये की ठगी करने को लेकर रविवार को मुकदमा दर्ज लिया है. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक पीड़िता की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने चार माह बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.थाना साइबर अपराध के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गौतम ने बताया कि सेक्टर–41 निवासी निधि पालीवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है. पीड़िता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि आठ अगस्त की सुबह 10 बजे उनके पास अज्ञात नंबर से फोन कॉल आई और फोन करने वाले शख्स ने बताया कि उनके नाम से एक पार्सल मुंबई से ईरान भेजा जा रहा है. जिसमें पांच पासपोर्ट, दो डेबिट कार्ड, दो लैपटॉप, 900 अमेरिकी डॉलर और 200 ग्राम मादक पदार्थ हैं. पीड़िता को बताया गया कि सीमा शुल्क विभाग ने पार्सल को रोक लिया है.मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिसअपराधियों ने पीड़िता को बताया कि पुलिस में इस बाबत शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है और व्हाट्सएप के जरिए प्राथमिकी की प्रति भी भेजी. इसके बाद आरोपियों ने 'स्काइप ऐप' के जरिये वीडियो कॉल पर बात करनी शुरू की तथा इस दौरान कॉल करने वाले शख्स ने अपना कैमरा बंद रखा था. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता के बैंक खाते में जमा 34 लाख रुपये अपने बैंक खाते में मंगवा लिए.उन्होंने बताया कि आरोपियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दो नो. टिस भी भेजे, जिसमें पीड़िता पर गंभीर आरोप लगाए गए थे. थाना प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है.

## स्कूली बस से उतर रही बच्ची की कुचलकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

उत्तर प्रदेश एटा थाना क्षेत्र के बर्ध गांव निवासी कौशलेंद्र सिंह की पत्नी मांडवी अपने दो बच्चों राधिका (08) व हर्ष (6) के साथ शहर के पाठकपुर में किराए के मकान में रहकर बच्चों को शहर की कोक रोड स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल में पढ़ा रही हैं। जबकि कौशलेंद्र गांव में रहकर खेती किसानी करते हैं। सोमवार सुबह दोनों बच्चे बस से स्कूल के लिए निकले थे, स्कूल पहुंचने पर उतरते समय राधिका नीचे गिर गई, तभी बस चालक ने लापरवाही से उसके ऊपर पहिया चढ़ा दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से स्कूल में खलबली मच गई। सूचना पर परिजन व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी का कहना है कि शव को



पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## धीरेंद्र शास्त्री के ऊपर बरसाए पुष्प बोले- घबराने की जरूरत नहीं

बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा ने सोमवार सुबह मध्य प्रदेश से झांसी में प्रवेश किया। देवरी गांव पहुंचने पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जेसीबी संग पहुंच गए। जेसीबी से पुष्प बरसाकर उनका स्वागत किया गया।पदयात्रा में भजन–कीर्तन करते हजारों श्रद्धालु शामिल थे पं.धीरेंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं के बीच कहा कि पदयात्रा को लेकर धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने इन धमकियों कोप्रायोजित करार दिया। कहा, जो लोग देश में वैमनस्यता फैलाना चाहते हैं, वह ऐसा कर रहे है। अगर ऐसी लोगों की बातों में उलझ जाएंगे तब अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकेंगे। पदयात्रा भदरवारा होते हुए मऊरानीपुर पहुंचेगी। यहां ग्रामोदय में रात्रिविश्राम होगा।आगे कहा कि यात्रा को देखते हुए जगह–जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अफसर भी निगरानी कर रहे हैं। मऊरानीपुर– खजुराहो हाईवे पर भारी वाहनों के प्रवेश को भी प्रतिबंधित किया गया है। इस वजह से वाहन चाल. कों को करीब पांच किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काट कर जाना पड़ रहा है।

# आगरा विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में व्यवस्थाएं फेल

आगरा विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में व्यवस्थाएं फेल नजर आ रही हैं। महज तीन दिन की परीक्षा में केंद्र बदलने, प्रवेशपत्रों में गड़बड़ी और कमी की शिकायतें मिल रही हैं। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन सेमेस्टर परीक्षा कराने में फेल साबित हुआ है। अधूरी तैयारी के बीच परीक्षा कराने से छात्रों को दिक्कतें हो रही हैं। इसी के चलते चंद घंटों में केंद्र बदलने, प्रवेशपत्रों में गड़बड़ी मिल रही है। यहां तक कि 50 से अधिक विषयों की परीक्षा हो गई, सचल दल भी जांच करने नहीं निकला।बीए, बीएससी, बीकॉम के प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर और एमए, एमएससी, एमकॉम के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 नवंबर से शुरू हुईं। 286 केंद्रों पर करीब 2.80 लाख छात्र–छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा से ऐनवक्त पर केंद्रों की सूची जारी करने और आपत्तियां नहीं सुनने से दिक्कत



बढ़ गई हैं। राजनैतिक दखल बढ़ने से स्थिति और बदहाल हो गई, इसके चलते ही केंद्र बदलने पर हंगामा भी हुआ। आनन–फानन में परीक्षा शुरू होने के कारण छात्रों के प्रवेशपत्र में गड़बड़ी, केंद्रों पर प्रश्नपत्रों कम पड़ने की समस्याएं हुईं।परीक्षा शुरू हुए तीन दिन बीत गए, लेकिन सचल दल ने किसी भी केंद्र पर जांच करने की जरूरत नहीं समझी। यहां तक कि नियंत्रण कक्ष में कई केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे बंद होने, संदिग्ध गतिविधि भी देखी है। सचल दल के निरीक्षण करने नहीं आने पर केंद्र संचालकों में भी खौफ नहीं हैं।परीक्षा केंद्र बनाने में भी खेलडॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि परीक्षा केंद्र गुपचुप बना दिए, इनके नाम पूर्व में सार्वजनिक नहीं किए, राजनैतिक दबाव में केंद्र बनाए और हटाए जा रहे हैं। इसमें भी खेल हो रहा है। सचल दल भी जांच करने नहीं जा रहे हैं, इससे साफ है कि शिक्षा माफिया और राजनैतिक लोगों के आगे विश्वविद्यालय प्रशासन नतमस्तक है।चार सचल दल बनाए, आपत्तियों पर बदलते हैं केंद्रपरीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश का कहना है कि परीक्षा के लिए चार सचल दल बनाए हैं। इनके प्रभारी भी नियुक्त कर दिए हैं। जरूरत पर एक प्रभारी दो सचल दल और बना सकते हैं। केंद्रों पर आपत्तियां आने के कारण बदलने पड़ रहे हैं। शुरू में कुछ दिक्कत रही, अब सामान्य रूप से परीक्षाओं का संचालन हो रहा है।

## नई नवेली दुल्हन पहुंची थाने, पति के बारे में बताई वो बात.पुलिस ने भी पकड़ लिया सिर

**आगरा न्यूज** शादी के बाद नई नवेली दुल्हन थाने पहुंची, तो पुलिस भी हैरान रह गई। उसने बताया कि अभी शादी को चार महीने ही हुए हैं। ऐसे में पति उसकी कोई भी बात नहीं मानता है। उसे मेकअप करना बहुत पसंद है, लेकिन पति उसकी ये फरमाइश भी पूरी नहीं करता है। शादी में मिली मेकअप किट से एक–एक सामान खत्म होने लगा। पत्नी ने पति से लिपिस्टिक और पाउडर लाने की फरमाइश पति से की। आश्वासन देने पर भी नहीं लाया तो पत्नी का मूड बिगड़ गया। बात बढ़ने पर पत्नी मायके आ गई। दो महीने बाद पुलिस से शिकायत की। परिवार परामर्श केंद्र में पहली तारीख पर दोनों आए तो मामूली बात सामने आने पर काउंसलर ने समझौता करा दिया।मामला शहर के ही एक दंपती का है। उनकी शादी को चार महीने हुए हैं। युवती को शादी में घरवालों ने मेकअप किट दी थी। इसमें कंपनी की चीजें दीं। दो महीने बाद ही यह खत्म होने लगे तो मेकअप के वही सामान मंगाए जाने लगे। पति के अनसुना करने पर मामला बिगड़ा। बाद में सास से भी बात–बात पर विवाद शुरू हो गया। इस पर पति ने डांट लगा दी, तब से मायके में रह रही थी।परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को 20 और रविवार को 10 मामलों में समझौते हुए। पुलिस आयुक्त जे रविन्दर गौड का कहना है कि परिवार परामर्श केंद्र को बेहतर बनाया गया है। इसमें आठ केबिन हैं, जिनमें काउंसिलिंग की जाती है। पति–पत्नी के बीच की गोपनीयता का भी ख्याल रखा जाता है।

## संभल के बाद एटा में क्यों मचा बवाल

उत्तर प्रदेश के संभल के बाद एटा जिले से हिंसा का मामला सामने आ रहा है. यहां जमीन विवाद के चलते पथराव का एक वीडियो वायरल हो रहा है. विवाद 18 बीघा जमीन से सटी एक दीवार को लेकर है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये जमीन सतीश उपाध्याय नाम के शख्स की है. वक्फ बोर्ड ने इस जमीन को वक्फ की संपत्ति घोषित किया था. इस सीमेंट की दीवार को गिराने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वहां पथराव किया. देखा जा सकता है कि हिंसा करने वाले लोगों की संख्या भी ज्यादा है और वो लगातार पत्थरों से हमला कर रहे हैं. सुरक्षा कारणों से इस इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है.

### मकान में मिला युवक का शव

कासगंज। शहर के सोरों गेट स्थित मो. हल्ला जयजयराम स्थित एक मकान में रविवार को युवक का शव पड़ा मिला। इसकी जानकारी लोगों को तब हुई, जब मकान में से दुर्गंध उठने लगी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पहुंची को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मकान से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया गया कि युवक मकान में अकेला ही रह रहा था।सोरों गेट स्थित मोहल्ला जयजयराम गली लोधियान निवासी मनोज (26) पुत्र कुंवरपाल काफी समय से अपने घर में अकेले रहता था। उसका मकान भी काफी पुराना था। रविवार की सुबह स्थानीय लोगों को मकान से दुर्गंध आई। इस पर लोगों में चर्चा शुरू हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को दरवाजा अंदर से बंद मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो मनोज का शव जमीन पर पड़ा था। शव काफी पुराना होने के कारण उससे दुर्गंध उठ रही थी। पुलिस के अनुसार, शव दो से तीन दिन पुराना लग रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सीओ नगर आंचल चौहान ने बताया कि मनोज नाम का युवक घर में अकेले ही रहता था। मकान में उसका शव पड़ा हुआ मिला है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परि. जनों द्वारा कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## ऋषिकेश में बड़ा हादसा, ट्रक ने कई गाड़ियों को मारी टक्कर, UKD नेता त्रिवेंद्र सिंह पंवार की मौत

उत्तराखंड के ऋषिकेश में एक बड़ा सड़का हादसा हो गया, जिसमें उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता त्रिवेंद्र सिंह पंवार की मौत हो गई. ये हादसा शनिवार रात को नटराज चौक पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने बेकाबू होकर ने कहर बरपाते हुए पांच गाड़ियों में जोरदार टक्कर मार दी. इनमें से एक गाड़ी यूकेडी नेता त्रिवेंद्र सिंह पंवार की गाड़ी भी थी. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा–तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया.बताया जा रहा है कि ऋषिकेश के नटराज चौक के पास एक शादी समारोह हो रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग और गाड़ियां पहुंची हुईं थी. इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने नियंत्रण खोते हुए वहां खड़ी गाड़ियों और लोगों को रौंद दिया. इस हादसे में कई लोग घायल हो गए, जबकि यूकेडी नेता त्रिवेंद्र सिंह पंवार गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें तुरंत एम्स ऋषिकेश ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. हादसे में दो लोगों की मौतप्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इस दर्दनाक हादसे में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं. घायलों की सही संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जाम हटाने का प्रयास शुरू कर दिया. ट्रक चालक की तलाश की जा रही है, और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है.त्रिवेंद्र सिंह पंवार के निधन से उत्तराखंड क्रांति दल और उनके समर्थकों में शोक पसर गया है. वे प्रदेश के एक लोकप्रिय और सशक्त नेता थे, जो उत्तराखंड के विकास और क्षेत्रीय मुद्दों के लिए हमेशा मुखर रहते थे. पुलिस और प्रशासन ने स्थानीय लोगों से संयम बरतने की अपील की है और दुर्घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

## विवाहिता ने लगाया गला दबाकर मारने .की कोशिश का आरोप

कोंच। ग्राम लौना में विवाहिता ने ससुरालियों पर गला दबाकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंचे मायकेवालों ने महिला को नर्सिंग होम में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति, सास–ससुर, देवर, ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।थाना रेंढर क्षेत्र के ग्राम महतवानी निवासी सियाचरण की बेटी अलका की शादी तीन साल पहले कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी राहुल प्रजा. पति के साथ हुई थी। अलका ने तहरीर में बताया कि उसके पिता ने लगभग 8 लाख रुपये का दान दहेज में दिया था। फिर भी शादी के बाद से ही ससुराली बाइक और सोने की चेन की मांग कर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगे।कुछ समय बाद उसने एक पुत्री को जन्म दिया तो उसका और उत्पीड़न करने लगे। शनिवार को ससुरालियों ने मारपीट की और फिर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। सूचना पर मंडी चौकी इंचार्ज नितिश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने महिला से पूछताछ कर मामले की जांच पड़ताल की। पीड़िता की तहरीर पर पति राहुल, ससुर रामकेश, सास भूरी देवी, देवर कृष्ण कुमार निवासी लौना व ननद पूजा निवासी बाबई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 300 सोने के सिक्के, 1 करोड़ कैश, पलभर में हो गया सब साफ

केरल कन्नूर जिले के वलपट्टनम में एक व्यापारी के घर में चोरों ने बड़ी डकैती को अंजाम दिया है. दरअसल, बंद घर में घुसकर चोरों ने 1 करोड़ रुपये और 300 सोने के सिक्के गायब कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय व्यापारी और उनका परिवार ट्रेवल कर रहे थे और घर एकदम खाली था. बता दें, रविवार रात इस वारदात की जानकारी मिली.पीड़ित का चावल का कारोबारये घटना केपी अशरफ के घर पर हुई. अशरफ थोक में चावल का कारोबार करते हैं. जांच में पता चला कि चोरों ने किचन की खिड़की पर बनी ग्रिल काटी और वहां से घर के अंदर घुसने में कामयाब हो गए. इसके बाद उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरों ने कैसे की चोरी जांच के दौरान ये सामने आया कि बेडरूम में बने लॉकर को तोड़ा गया है. लॉकर में रखा सोना और पैसे चुराने के बाद चोर घटना स्थल से फरार हो गए.परिवार को जब हुई चोरी की जानकारी अशरफ और उनका परिवार जब रविवार रात घर वापस लौटा, तो उन्हें घर में चोरी की जानकारी मिली. घर में सब कुछ बिखरा पड़ा था और उन्हें पता चला कि उनके बेडरूम के लॉकर से सोना और पैसे गायब हैं.पुलिस की कार्रवाई परिवार के शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. इस दौरान डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और फिर शुरुआती जांच शुरू की गई.इस दौरान घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है. पुलिस को उम्मीद है कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान करने में मदद मिलेगी. पुलिस अब चोरों का पता लगाने के लिए प्रयास कर रही है.

## लेबनान में इजरायल ने बरपाया कहर, बेरूत हमले में 29 की मौत


लेबनान के विभिन्न हिस्सों में इजरायल के हवाई हमलों ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है. मध्य बेरूत के बस्ता क्षेत्र में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत पर हुए हमले में 29 लोग मारे गए. यह हमला उन सब विनाशकारी घटनाओं में से एक था जिसने पूरे देश को हिला दिया. इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने बताया कि हवाई हमले में बेरूत के दक्षिणी दहिह क्षेत्र में 12 हिजबुल्लाह कमांड सेंटरों को निशाना बनाया गया. इनमें हिजबुल्लाह की खुफिया इकाई, समुद्र से मार करने वाली मिसाइल इकाई, और यूनिट 4400 द्वारा उपयोग किए जाने वाले स्थान शामिल थे. यूनिट 4400 ईरान से सीरिया के माध्यम से हथियारों की तस्करी का संचालन करती है.आईडीएफ ने यह भी बताया कि इन केंद्रों का उपयोग आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया जाता था. साथ ही, दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना के खिलाफ निगरानी गतिविधियां भी इन्हीं ठिकानों से संचालित की जा रही थीं.मृतकों की संख्या और राहत प्रयास लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतकों की संख्या को संशोधित कर 20 से बढ़ाकर दर्जनों कर दिया. बचाव दल लगातार मलबा हटाने और जीवित बचे लोगों को निकालने में जुटे रहे. बस्ता में भारी बमबारी के कारण व्यापक नुकसान हुआ देशभर में हमलों का विस्तारबेरूत के अलावा, इजरायली हवाई हमले पूर्वी लेबनान के बाल्बेक–हर्मेल क्षेत्र तक फैल गए. शमिस्तार पर एक हमले में चार बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई. आस–पास के अन्य शहरों में हुए हमलों में 11 और लोगों की जान गई, और 32 लोग घायल हुए. दक्षिणी लेबनान के टायर शहर पर भी बमबारी हुई, जिसमें पांच लोगों की मौत और 19 अन्य घायल हुए.संघर्ष का बढ़ता असर सितंबर से जारी इजरायली हमलों में कईहिजबुल्लाह कमांडर मारे गए हैं और लेबनान के बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ है. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, अब तक 3,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और दस लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं. इन हवाई हमलों ने लेबनान के कई हिस्सों को बर्बाद कर दिया है, जिससे मानवीय संकट और गहरा गया है.

## महाकुंभ 2025 आग से बचाव के लिए अग्निशमन विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

महाकुंभ 2025 को सुरक्षित और फायर फ्री बनाने के लिए अग्निशमन विभाग उत्तर प्रदेश ने कमर कस ली है। विभाग ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।हर बार की तरह इस बार भी महाकुंभ को सुरक्षित और फायर फ्री बनाने के लिए अग्निशमन विभाग उत्तर प्रदेश ने कमर कस ली है। विभाग ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। अग्निशमन विभाग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एनिमेटेड वीडियो और सेफ्टी टिप्स के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। इन वीडियोज में महाकुंभ में आग से बचाव के उपायों को सरल भाषा में समझाया गया है।बचाव ही हमारा कर्तव्यश थीम पर जागरुकता अभियानप्रयागराज के मुख्य अग्निशमनअधिकारी और महाकुंभ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि अग्निशमन विभाग बचाव ही हमारा कर्तव्य है थीम के तहत कार्य कर रहा है। हर वीडियो में ष्आपकी समझदारी है सुरक्षा आपकी और हमारीष टैगलाइन को प्रमोट किया जा रहा है। अग्निशमन विभाग का लक्ष्य है कि इस महाकुंभ में कोई भी आगजनी की घटना न हो और श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में धार्मिक अनुष्ठान कर सकें। विभाग ने अपील की है कि आग लगने की स्थिति में तुरंत 100 या 1920 नंबर पर सूचना दें।आग से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें टेंट और पंडाल में अलाव और चूल्हा वर्जितएक वीडियो में दिखाया गया है कि कुछ लोग टेंट के पास अलाव जलाकर छोड़ देते हैं, जिससे आग फैल जाती है। फायर अधिकारी ने आगाह किया है कि पंडालों में अलाव, चूल्हा और हवन कुंड का उपयोग न करें विद्युत उपकरणों का सही उपयोगछोटा भीम जैसे कार्टून कैरेक्टर्स के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि कटे–फटे तारों और ओवरलोड विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें। साथ ही, फायर ब्रिगेड को रास्ता देने का महत्व भी समझाया गया है।ज्वलनशील पदार्थों का परहेजएक अन्य वीडियो में पुजारी जी द्वारा हवन के दौरान घी गिरने से आग लगने की घटना दिखाई गई है। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को ज्वलनशील पदार्थों जैसे पेट्रोल, डीजल, और मोमबत्तियों का उपयोग न करने की सलाह दी है।रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉक ड्रिलअग्निशमन विभाग द्वारा महाकुंभ में रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉक ड्रिल भी की जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सके।

## बुलंदशहर खाना खाने के बाद बिगड़ी परिवार के चार लोगों की तबीयत, दादा–पोते की मौत

बुलंदशहर जिले से बड़ी खबर है। खाना खाने के बाद परिवार की तबीयत बिगड़ गई। जिससे दादा–पोते की मौत हो गई, जबकि कई का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बुलंदशहर के नरसेना थाना इलाके के गांव महमूदपुर बरवाला में रहने वाले कलुआ (55) रविवार शाम कस्बा दौलतपुर कलां से खाने के लिए भुने हुए चने लेकर घर पहुंचे थे। जिसको कलुआ, उनकी पत्नी जोगेंद्री देवी (40), आठ वर्षीय पुत्री शिवानी, आरती, माही और प्रिया और उनके भाई के पोते छह वर्षीय लव्य पुत्र नरेश ने खाया था। उसके बाद करीब आठ बजे शिमला मिर्च की सब्जी बना कर खाना खाया था। देर रात करीब दस बजे लव्य, कलुआ, शिवानी, जुगेंद्री देवी को उल्टी होने लगी। उनकी हालत बिगड़ने पर उनके परिजन ने उपचार के लिए कस्बा दौलतपुर कला में निजी अस्पताल पर उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान लव्य और कलुआ की मौत हो गई। चिकित्सक ने जुगेंद्री देवी और शिवानी को स्याना के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने स्याना के आर्यन अस्पताल में उपचार के



लिए भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। गांव में दो मौत होने की सूचना पर मातम छाया हुआ है। परिजनों ने मृतकों का पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया है।

# युवक ने स्कूटी रोकी, एलएलबी की छात्रा से छेड़खानी, कपड़े फाड़े, मां-बेटी को पीटा, मुकदमा दर्ज

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) अलीगढ़ में थाना बन्नादेवी क्षेत्र के सारसौल इलाके में एक युवक ने एलएलबी की छात्रा से छेड़खानी कर दी। शिकायत करने पर आरोपियों ने छात्रा व उसकी मां को पीट दिया। उनके कपड़े तक फाड़ दिए। छात्रा ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है।छात्रा ने बताया कि 21 नवंबर को उसका जन्मदिन था। इसके लिए वह स्कूटी से पार्लर पर शृंगार कराने जा रही थी। तभी अभिषेक नाम के युवक ने उसकी स्कूटी रोक ली। उसके साथ एक अन्य लड़का भी था। उसने स्कूटी रोकने का कारण पूछा तो अभिषेक गंदी टिप्पणी करने लगा। विरोध पर अभिषेक ने हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा। किसी तरह वह उनके चंगुल से छूटकर भाग गई।छात्रा का कहना है कि जन्मदिन के चलते उसने किसी से कुछ नहीं कहा। स्कूटी से पार्लर पर शृंगार कराने जा रही थी। तभी युवक ने उसकी स्कूटी रोक ली। उसके साथ एक अन्य लड़का भी था। उसने स्कूटी रोकने का कारण पूछा तो युवक गंदी टिप्पणी करने लगा। विरोध पर युवक ने हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा।अगले दिन उसने पूरी घटना मां को बताई। इस पर जब उसकी मां उसे लेकर अभिषेक के घर शिकायत करने पहुंची तो वहां अभिषेक, उसकी मां शीला, नंदिनी पत्नी विशाल समेत दो-तीन लोगों ने मां-बेटी को पीट दिया। उनके कपड़े तक फाड़ डाले। शोर-शराबे पर पड़ोसियों को आता देख आरोपी धमकी देकर भाग गए। बन्नादेवी पुलिस के अनुसार मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# गमी से लौट रहीं सासू-बहू, रोडवेज बस ने रौंदा, दोनों की हुई मौत, परिचालक पकड़ा, चालक भाग निकला

**अलीगढ  हरदुआगंज में बरौठा नहर के निकट राधास्वामी सत्संग भवन के पास 23 नवंबर शाम तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सड़क पर खड़ीं सास और बहू को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक भाग निकला। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर परिचालक को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।थाना गोधा क्षेत्र के गांव अहरौली निवासी प्रेमवती देवी पत्नी हीरा सिंह अपने मायके हाथरस के गांव रगनिया में वृद्ध की मौत के बाद गमी में गईं थीं। उनके साथ भतीजे रामबाबू व बहू विमलेश पत्नी हरीशंकर भी थीं। चचिया सास प्रेमवती, उनका भतीजा और बहू शाम को एक ही बाइक से गांव लौट रहे थे। रामबाबू ने बताया कि शाम 7रू 30 बजे के करीब वह बरौठा नहर के पास राधास्वामी सत्संग भवन के पास ठहरा। बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर लघुशंका करने लगा। विमलेश व प्रेमवती पास ही सड़क पर खड़ीं थीं। इस दौरान अतरौली की ओर से आ रही तेज रफ्तार मुरादाबाद डिपो की अनियंत्रित रोडवेज बस ने दोनों को रौंदा दिया। चीखपुकार मचने पर चालक बस छोड़कर भाग गया। हादसे में चचिया सास प्रेमवती (65) व बहू विमलेश (52) की मौके पर ही मौत हो गई।एसएचओ विपिन कुमार ने बताया कि मृतक महिलाओं के शव को मोर्चरी पर भेज दिया गया है, परिच. ालक से पूछताछ की जा रही है। बस को कब्जे में ले लिया गया है। फरार चालक का पता किया जा रहा है.। 37.5 2012 राजरानी 28.932017 राकेश कुमार मौर्या 23.20 2022 चारू कैन 25.98बसपा समेत तीन प्रत्याशियों की जमानत जब्त खैर विधानसभा उपचुनाव बसपा प्रत्याशी डॉ. पहल सिंह समेत तीनों प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। उपचुनाव में 760 मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया है।**

# अलीगढ़ एएमयू में आरक्षण को लेकर सड़कों पर उतरे हिंदूवादी छात्र

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में हिंदू आरक्षित वर्ग के छात्रों के आरक्षण की मांग को लेकर हिंदू वादियों ने सड़क पर उतरकर महा हस्ताक्षर अभियान चलाया। महा हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इसके अलावा हिंदूवादी छात्रों ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसके साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।एक ही समुदाय के छात्रों को आरक्षण देने का आरोप एएमयू हिंदू छात्र आरक्षण मोर्चा के दीपक शर्मा आजाद ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय केंद्र सरकार के फंड से चलने वाला एक संस्थान है। बावजूद इसके यहां केवल समुदाय विशेष के छात्रों को ही आरक्षण का लाभ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है। बावजूद इसके वह खुद को अल्पसंख्यक संस्था बताता है जो कि गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि एएमयू में आरक्षण का लाभ लेने वाले विशेष समुदाय के कुछ ऐसे छात्र भी रहे हैं जो देश विरोधी की गतिविधियों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एएमयू जैसी संस्था में पहले अवैध हथियार तक बरामद हो चुके हैं।हिन्दू



छात्रों में रहता है भय का माहौल अमुवि हिंदू छात्र आरक्षण मोर्चा के बैनर तले चल रहे महा हस्ताक्षर अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कौशल दिवाकर ने कहा कि एएमयू जनता के टैक्स से चलता है। ऐसे में यहां केवल समुदाय विशेष के छात्रों को आरक्षण का लाभ देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंदू विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय में संवैधानिक रूप से आरक्षण की व्यवस्था है, एएमयू में दलितों और पिछड़े छात्रों के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में एक वर्ग के छात्रों को ज्यादा तवज्जो देने के कारण हिंदू दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों में भय माहौल भी बना रहता है।नौकरियों में भी मिले आरक्षण दीपक शर्मा आजाद ने कहा के राष्ट्रपति को सौंप ज्ञापन में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की तरह ही अलीगढ़ में मुस्लिम विश्वविद्यालय में भी अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को आरक्षण देने की मांग की गई है। इसके अलावा एएमयू में नौ. करियों में भी आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जेएन मेडिकल कॉलेज में समुदाय विशेष के छात्रों को चिकित्सा का पूरा लाभ मिलता है वही लाभ हिंदू छात्रों को भी दिया जाए। इसके अलावा एएमयू में संविधान के हिसाब से सभी छात्रों को बराबरी का आरक्षण का लाभ देने के साथ ही देश विरोधी गतिविधियों पर भी अंकुश लगाया जाए।

# मंदिर में शादी के बाद युवती को उसके .घर वापस भेजा

अलीगढ़ः रिश्तेदार ने प्रेम प्रेम जाल जाल में फंसाया. मिलने के लिए होटल में बुलाया. दुराचार किया. युवती मुकदमा लिखाने जा रही थी. उसके साथ मंदिर में शादी रचाई. शादी के बाद युवती को उसके घर भेज दिया. परिजनों की सहमति से शादी का वादा किया. युवती शादी का इंतजार करती थी. आरोपित बारात लेकर दूसरी जगह चला गया. दूसरी युवती से शादी रचा ली. पुलिस आयुक्त के आदेश पर लोहा मंडी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है.युवती लोहामंडी क्षेत्र की निवासी है. बीए की छात्रा है. पुलिस को बताया कि फतेहपुरसीकरी निवासी रिश्तेदार अनिल कुमार ने डेढ़ साल पहले उसे जाल में फंसाया उसस्ते फोन पर बाल करने लगा. करीब पांच माह पूर्व उसे बहाने से सिकंदरा बोदला रोड पर एक होटल में ले गया. वहां उसके साथ दुराचार किया वह बुरी तरह घबरा गई मुकदमा लिखाना चाहती थी. आरोपित ने कहा कि शादी के बाद भी तो संबंध बनते. वह तो उससे प्यार करता है. शादी करना चाहला है. वह मुकदमा नहीं लिखा दे इसलिए आरोपित ने आठ को बिचपुरी स्थित आर्य समाज मंदिर में उससे शादी रचाई. दो दिन बाद शादी का रजिस्ट्रेशन कराया: आरोपित ने उसे घर भेज दिया. कहा कि उसके घरवाले तैयार हो गए हैं. समाज के बातें नहीं बनाएं इसलिए 12 को उनकी शादी रीति रिवाज से कराएंगे, वह तैयारी शुरू कर दी. युवती दुल्हन बनने की तैयारी में जुटी थी. आरोपित बारात लेकर नहीं आया. उसका नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया. युवती परेशान हो गई जानकारी की तो पता चला कि आरोपित तो बारात लेकर राजस्थान गया था. दूसरी युवती से शादी रचा ली है. पीड़िता पहले जगदीश. पुरा थाने गई थी. वहां से उसे फतेहपुर सीकरी थाने जाने को कहा गया, पीड़िता परेशान हो गई पुलिस आयुक्त जे रविन्दर गौड से मिली. उनके निर्देश पर लोहामंडी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है. किशोरी अगवा करने पर 10 वर्ष की कैदः विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सो. निका चौधरी ने 11 साल पुराने किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी जितेन्द्र सिंह को दोषी पाया अदालत ने दोषी को 10 साल के कारावास और 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है. जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा अभियोजन से एडीजीसी सुभाष गिरी और विशेष लोक अभियोजक विजय किशन लवानियां ने तर्क दिए.

# अखिल भारतीय करणी सेना द्वारा संभल की घटना को लेकर एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट .स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी महोदय को दिया गया

अलीगढ़  (जननायक सम्राट) अखिल भारतीय करणी सेना हरिगढ़ के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई उपद्रव की घटना को लेकर हाथों में भगवा ध्वज लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी अलीगढ़ को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान सभी करणी सैनिक आरोपियों को फांसी देने की मांग कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया की संभल में जो उपद्रव हुआ है वो पूर्व नियोजित षडयंत्र के तहत हुआ है मंगलवार से मस्जिद का सर्वे हो रहा था उसे समय भी संप्रदाय विशेष की लोगों द्वारा सर्वे का विरोध किया गया लेकिन पुलिस प्रशासन की सख्ती के कारण वह किसी घटना को अंजाम नहीं दे पाए इसी बीच इन लोगों ने अपना सुनियोजित षडयंत्र रचकर घटना को अंजाम दिया हमारी उत्तर प्रदेश सरकार से मांग है कि इस घटना की खुफिया एजेंटीयों द्वारा गहनता से जांच कराई जाए और घटना के आरोपियों और उनको संरक्षण देने वाले लोगों के विरुद्ध रासुका और देशद्रोह के तहत कार्रवाई कर फांसी की



सजा दी जाए साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की कि उत्तर प्रदेश में तमाम ऐसी मस्जिद हैं जहां पूर्व में मंदिर हुआ करते थे लेकिन मुगलकालीन शासन आने के बाद मंदिरों को तोड़कर और उन पर अवैध कब्जा कर मस्जिद बना दी गई थी अतः सरकार द्वारा ऐसी मस्जिदों को चिन्हित कर वहां पुनः मंदिर स्थापित करने का कार्य किया जाना चाहिए और यदि ऐसा नहीं हुआ तो अखिल भारतीय करणी सेना के हजारों करणी सैनिक प्रदेश में जहां-जहां ऐसी मस्जिद हैं उनको स्वयं चिन्हित करेंगे और मंदिर बनाने का कार्य करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महिला शक्ति ममता सिंह ने बताया कि उपद्रवियों द्वारा किए गए हमले में बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घायल हुए हैं जिस तरह का कृत्य शांति दूतों के द्वारा किया गया है ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए आरोपियों को तुरंत फांसी देने की मांग की जाती है। जिलाध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने बताया कि संप्रदाय विशेष के लोगों के द्वारा पूर्व में भी हमारी यात्राओं पर कावड़ियों पर विभिन्न प्रकार के हमले किए जा चुके हैं ऐसे आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उनको तुरंत फांसी की सजा दी जानी चाहिए। प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति वीरू भदोरिया, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र मोहन शर्मा, पार्षद राकेश ठाकुर, उमेश कुमार सिंह, भारती गौतम, पूजा सेंगर, पूनम सिंह, जगमोहन मालवीय, सुंदर राघव, आलेख सैनी, दलवीर सिंह, संदीप राघव, अभिषेक चौ. हान, पंडित केशव देव शर्मा, बॉबी राघव, आदित्य राजपूत, मनु ठाकुर, प्रशांत जाटव, यश शर्मा, विवेक यादव, यशवंत कुमार, छोटू कुमार, रजत अग्रवाल, मनोज कुमार, मयंक राजपूत, लकी सैनी, राजीव सक्सेना, वीरेंद्र सिंह, कौशल पंडित, अमित ठाकुर सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की विशेष पहल पर शूटिंग रेंज चंदौखा का संचालन आरंभ

अलीगढ़ 25 नवंबर 2024(सू0वि0)रू जिलाधिकारी विशाख जी0 की विशेष पहल पर जवां क्षेत्र में ग्राम चन्दौखा स्थित शूटिंग रेंज को संचालित कर दिया है। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शूटिंग रेंज के लिए प्रशिक्षकों एवं सहायक स्टाफ का मानदेय निर्धारित करने के साथ ही शूटिंग रेज के लिए नियम व शर्तों को भी लागू कर दिया गया है। शूटिंग रेंज प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी जिसमें अपरान्ह 01:30 बजे से 02 बजे तक लंच के लिए आरक्षित है।

अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय संजय मिश्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शूटिंग रेंज में बिना निर्धारित किट के प्रशिक्षण वर्जित है। निर्धारित खेल किट व समय में ही खेलना अनिवार्य है। किसी प्रकार की अनुशासनहीनता पाये जाने पर पंजीकरण बिना बताये रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण या अभ्यास में एक वर्ष तक अनुपस्थित रहने पर खिलाड़ी की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाएगी, पुनः प्रशिक्षण या अभ्यास के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होना। परिचय पत्र प्रतिदिन लाना अनिवार्य है। बिना परिचय पत्र के प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। परिचय पत्र खो जाने पर पुनः 25 रूपये जमा कर नया परिचय पत्र बनाया जाएगा। अभ्यास या प्रशिक्षण के समय चोट लगने या दुर्घटना होने पर खिलाड़ी स्वयं उत्तरदायी होगा। खिलाड़ी को रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर द्वारा निर्गत पूर्णतया स्वस्थ होने का प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का नशा या प्रतिबंधित औषधी का सेवन करते हुए पाए जाने पर अनुशासन हीनता मानते हुए पंजीकरण बिना बताए समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिका का शूटिंग रेंज पर प्रशिक्षण शस्त्र अधिनियम के अनुसार प्रतिबन्धित है। पंजीकरण फार्म के साथ शस्त्र लाईसेंस की प्रतिलिपि फार्म 5 ए संलग्न करना अनिवार्य है। अभ्यास के दौरान खिलाड़ी के शस्त्र, किट बैग एवं सभी व्यक्तिगत सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। अभ्यास के लिए शस्त्र, कारतूस, टारगेट खिलाड़ी को स्वयं लाना होगा। रेंज पर संग्राहित करने के लिए स्थान उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक खिलाड़ी अपने साथ व्यक्तिगत अभ्यास के लिए एक बार में अधिकतम 300 क्लेवर्ड या 10 टारगेट ट्रेन्च में रख सकते हैं। ट्रैप या स्कीट में प्रति राउंड 30 क्लेबर्ड, डबल ट्रैप में 35 क्लेबर्ड रेंज को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। रायफल या पिस्टल अभ्यास में प्रति टारगेट 20 शॉट चलाये जा सकेंगे। रेंज को दिये जाने वाले सभी टारगेट आईएसएसएफ द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होने चाहिए।एसीएम द्वितीय ने स्पष्ट किया कि मशीनों के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए सिर्फ इम्पोर्टेड क्लेबर्ड ही इस्तमाल की जा सकेंगी। राउंड के अतिरिक्त प्रयोग की नई सभी क्लेवर्ड का भुगतान क्लेबर्ड के रूप में खिलाड़ी को अलग से करना हा. ेगा। शूटिग रेंज सार्वजनिक एवं राजकीय अवकाश एवं साप्ताहिक अवकाश (सा. ेमवार) को बन्द रहेगी। विशेष परिस्थितियों में (राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोनिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रतियोनिता से पूर्व) अवकाश के दिनों में उच्चाधिकारियों की अनुमति से रेंज को अभ्यास के लिए खोला जा सकेगा। बिना सदस्यता ग्रहण किए अभ्यास पूर्णतया वर्जित है। रेंज पर निर्धारित प्रशिक्षक द्वारा ही प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ट्रैप, डबल ट्रैप व स्कीट स्पर्धा के प्रशिक्षण का समय प्रशिक्षक द्वारा निर्धारित किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी राममिलन ने बताया कि शूटिंग रेंज पर अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए 600 रूपये प्रतिदिन या रूपये 5000 रूपये प्रतिमाह एवं 30 हजार रूपये वार्षिक प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति एक दिन या एक से अधिक दिन के लिये शूटिंग रेंज को शूटिंग प्रतियोगिता के लिए आरक्षित कराना चाहता है तो उससे प्रतिदिन 5,000 रूपये व प्रतियोगिता के प्रत्येक प्रतिभागी से 600 रूपये की दर से आरक्षण शुल्क लिया जायेगा।

# अलीगढ़ में पिस्टल जमा करने गए उपनिरीक्षक को लगी गोली, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

अलीगढ़ में पिस्टल जमा करने गए उप. निरीक्षक को गोली लग गई। जिसके बाद पूरे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।  एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने घटना की पुष्टि की है।अलीगढ़ पुलिस लाइन में आर्म्स मोर्रर कार्यालय में पिस्टल जमा करने गए क्राइम इन्वेस्टिगेशन विंग उपनिरीक्षक अंकित कुमार को लगी गोली। एसएसपी द्वारा रविवार शाम को क्राइम इन्वे. स्टिगेशन विंग देहात के उप निरीक्षक अंकित कुमार को गंगीरी थाने का बनाया गया था। सोमवार को थाना गंगीरी का चार्ज लेने से पहले उप निरीक्षक अंकित कुमार पुलिस लाइन में आर्म्स मोर्रर के कार्यालय गए थे। सरकारी पिस्टल जमा करने गए थे। पिस्टल चेक करने के दौरान आर्म्स मोर्रर से चली। उप निरीक्षक अंकित कुमार के पेट में गोली लगी।गंभीर हालत में उप निरीक्षक अंकित कुमार को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस प्रशासनिक अधिकारी जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने घटना की पुष्टि की।

# मुंबई में सीएनजी हुई महंगी, बढ़ सकता है ऑटो का भी किराया

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजों की सरगर्मी के बाद अब लोगों की जेब से जुड़ी खबर आई है. महानगर गैस लिमिटेड (डळस) ने सीएनजी के प्राइस को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है. एमजीएल ने सीएनजी पर 2 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से प्राइस को बढ़ाया है. यानी अब से आपको सीएनजी की कीमत दो रुपये बढ़ी हुई मिलेगी. हालांकि एमजीएल पाइप कुकिंग गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है.अब पंप पर आपको नई कीमत के साथ सीएनजी उपलब्ध होगी. इस हाइक के पहले 1 किलोग्राम सीएनजी की कीमत 75 रुपये की पड़ती थी. वहीं अब इस बढ़त के बाद आपको 1 किलो सीएनजी के लिए 2 रुपये ज्यादा यानी 77 रुपये देना होगा. वहीं पाइपलाइन गैस पहले




के प्राइस यानी 48 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से देना होगा. इसकी जानकारी एमजीएल की ओर से दी गई है.ऑटो किराया भी बढ़ाने की मांग पूरे मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में एक बड़ी संख्या ऑटो, टैक्सी और बस जैसे पब्लिक ट्रां. सपोर्ट व्हीकल डेली फ्यूल के लिए सीएनजी का इस्तेमाल करते हैं. सूत्रों का कहना है कि सीएनजी रेट में इस बढ़त के बाद ऑटो यूनियन भी किराए में दो रुपये बढ़ाने की मांग करेंगे.मुंबई रिक्शा मेंस यूनियन लीडर थम्पी कुरीन ने कहा, ष्हमने पहले सरकार के लीविंग इंडेक्स के लिए जरूरी फ्यूल, मेंटनेंस और अन्य की लागत पर आधारित पैमाने के बारे में सोच–विचार किया है. सीएनजी कीमत में इस बढ़त के बाद हम मेट्रोपॉलिटन रीजन में ऑटो–रिक्शा के किराए को कम से कम दो रुपये बढ़ाने की मांग तो कर ही सकते हैं. सरकार के इस हाइक कैलकुलेशन फॉर्मूले के अनुसार, इस क्षेत्र में ऑटो का किराया एक किलोमीटर के लिए 2.50 रुपये बढ़ना चाहिए.एमजीएल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, ष्घरेलू गैस की कमी को पूरा करने के लिए एमजीएल एडीनशनल मार्केट प्राइस पर नेचुरल गैस खरीद रहा है और गैस पर लागत का बोझ बढ़ गया है. सीएनजी कीमत में यह बढ़त करके लागत की भरपाई की जा सकेगी.

## सोना और चांदी दोनों हुए सस्ते

बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही थी. लेकिन, 25 नवंबर की बात करें तो आज सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है. डब्प्दकपं के अनुसार, प्रति 10 ग्राम सोने में जहां 1092 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है. वहीं, प्रति 10 ग्राम चांदी में 1425 रुपये की गिरावट देखी जा सकती है.7 दिनों से बढ़ रही थी कीमत आज के गिरावट को छोड़ दें और 24 नवंबर के रेट के हिसाब से देखें तो पिछले एक सप्ताह में सोने की कीमत में 3990 रुपये की बढ़ोतरी हुई है. सोने के अलावा चांदी की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला. चांदी की कीमतों की बात करें तो इसमें प्रति किलो 2500 रुपये की बढ़त पिछले एक हफ्ते में देखी जा सकती है. 24 नवंबर तक चांदी 92000 रुपये प्रति किलो बिक रही थी.

कुछ दिनों से क्यों बढ़ रहे थे सोने के दामकमोडिटी मार्केट एक्सपर्ट्स के मुता. बिक, सोने के दाम तीन मुख्य कारणों से बढ़ रहे थे. पहला रूस–यूक्रेन वार, दूसरा शेयर बाजार में अस्थिरता और तीसरा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनॉल्ड ट्रंप की जीत. इसके अलावा, अमेरिकी डॉलर में तेजी और अमेरिकी फेडरल द्वारा दरों में कटौती के प्रति सतर्क रुख अपनाना भी इसके पीछे की वजह थी.एसएस वेल्थस्ट्रीट की संस्थापक सुगंधा सचदेवा के मुताबिक, ष्रूस–यूक्रेन युद्ध में बढ़ती भौगोलिक–राजनीतिक उथल–पुथल ने गोल्ड को सुरक्षित नि. वेश के रूप में और मजबूत किया है. आपके शहर में सोने की कीमत24 नवंबर के हिसाब से देखें तो देश की राजधानी दिल्ली में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 79790 रुपये था. जबकि, 22 कैरेट सोने की कीमत 73150 रुपये थी. मुंबई की बात करें तो यहां 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 79640 रुपये थी. वहीं, 22 कैरेट गोल्ड 10 ग्राम की कीमत 73000 रुपये थी. कोलकाता में भी 24 और 22 कैरेट का रेट यही था.चेन्नई में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79640 रुपये थी. 22 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 73000 रुपये थी. भोपाल और अहमदाबाद में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 79600 रुपये थी और 22 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 73,050 रुपये थी.

## अमेरिकी SEC गौतम अडानी को सीधे नहीं भेज सकती .समन, राजनयिक प्रोटोकॉल का करना होगा पालन–सूत्र

अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने गौतम अडानी सहित 7 लोगों पर 265 मिलियन डॉलर की रिश्वतखोरी के आरोप लगाए हैं जिनके बाद देश में कारोबारी विशाल समूह और इसके मालिक गौतम अडानी को लेकर खबरें आने का सिलसिला जारी है. इस मामले में फिलहाल अमेरिकी जांच एजेंसी गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी सहित 7 लोगों को समन भेजना चाहती है लेकिन इसके लिए उन्हें समुचित राजनयिक माध्यमों से नोटिस भेजना होगा क्योंकि इसके क्षेत्राधिकार में विदेशी नागरिक नहीं आते हैं. सूत्रों के मुताबिक यह समन एसईसी के न्यूयॉर्क की अदालत के सामने दायर किए गए कानूनी दस्तावेज का हिस्सा हैं, और इसे अडानी तक पहुंचने में कुछ समय लगेगा. अभी तक अडानी को कोई समन नहीं सौंपा गया है.म्ब् को करना होगा प्रोटोकॉल का पालनैम्ब् चाहता है कि अडानी सोलर एनर्जी कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने के लिए रिश्वत देने के आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करें, लेकिन वो इसे पोस्ट या अन्य किसी माध्यम से नहीं बल्कि इसे भारतीय एंबेसी और दूसरे राजनयिक मोड के जरिए ही गौतम



अडानी को भेज सकते हैं. पूरे मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने कहा कि इस अनुरोध को अमेरिका में भारतीय दूतावास के माध्यम से भेजना होगा. इसके साथ ही दूसरी राजनयिक औपचा. रिकताओं के तहत बनाए गए प्रोटोकॉल का पालन करना होगा. उन्होंने कहा कि अमेरिकी एसईसी के पास विदेशी नागरिकों पर कोई अधिकार नहीं है.म्ब् के पास किसी विदेशी नागरिक को सीधे बुलाने का कोई अधिकार नहींअमेरिकी एसईसी को अडानी समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अडानी तथा उनके भतीजे सागर को कथित 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (2200 करोड़ रुपये) के रिश्वत मामले में उचित राजनयिक चौनलों के जरिए समन भेजना होगा. सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ैम् सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (ैम्ब्) के पास किसी विदेशी नागरिक को सीधे बुलाने का कोई अधिकार नहीं है.क्या है मामलागौतम अडानी और उनके भतीजे सागर सहित सात लोगों को बुधवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की एक अदालत में मुकदमा शुरू हुआ है. इसके मुताबिक इन लोगों ने सोलर एनर्जी सप्लाई कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को लगभग 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने पर सहमति जताई थी. गौतम अडानी और सागर अडानी, अडानी समूह की रीन्यूएबल एनर्जी यूनिट अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में डायरेक्टर हैं. ये रिश्वत देने के आरोप लगभग 2020 और 2024 के बीच के समय के दौरान लगाए गए हैं.

## म्यूचुअल फंड मार्केट स्कीम्स में निवेश . करके अपने बच्चे का भविष्य संवारें

चुअल फंड मार्केट में ऐसे कई फंड्स हैं, जिन्हें बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. अगर आप माता–पिता बनने वाले हैं या बन चुके हैं, तो आप इन स्कीम्स में निवेश करके अपने बच्चे का भविष्य संवार सकते हैं. सबसे बड़ी बात कि इन स्कीम फीसदी का रिटर्न दिया है. अब अगर आपने अपने बच्चे के जन्म के बाद इस स्कीम में 10 हजार रुपये महीने जमा किए होते तो यह 20 साल में 1.55 करोड़ रुपये हो जाता. सबसे बड़ी बात कि इस स्कीम में आप 500 रुपये महीने से भी निवेश कर सकते हैं.इसी तरह से



में आप एकमुश्त और एसआईपी दोनों तरह से निवेश कर सकते हैं. यानी अगर आपके पास एक साथ ढेर सारा पैसा है, तब भी आप इसमें निवेश कर सकते हैं और अगर आप हर महीने इसमें थोड़ा–थोड़ा पैसा डालना चाहते हैं तो वो भी आप कर सकते हैं. चलिए, अब आपको इसका गणित समझाते हैं.बच्चा कैसे बनेगा करोड़पति मान लीजिए आज आपका बच्चा एक साल का है और आपने फैसला किया कि इस साल से ही अपने बच्चे के भविष्य के लिए 10 हजार रुपये महीने निवेश करेंगे. म्यूचुअल फंड्स मार्केट में कई चाइल्ड फंड एसआ. ईपी हैं, जिनमें आप निवेश कर सकते हैं. चलिए आपको, भ्क्थ्ब् चिल्ड्रेंस गिफ्ट फंड के हिसाब से समझाते हैं. भ्क्थ्ब् चिल्ड्रेंस गिफ्ट फंड साल 2001 में लॉन्च हुआ था. इसके बाद से ही इसने सालाना 20 फीसदी का रिटर्न दिया है... प्ब्प्ब् प्रूडेंशियल चाइल्ड केयर फंड का भी सालाना रिटर्न 15.90 फीसदी रहा है. यानी अगर आपने इस स्कीम में अपने बच्चे के लिए सालाना 10 हजार रुपये निवेश किए तो, जब आपका बच्चा 20 साल का होगा, उसके नाम पर 1.22 करोड़ रुपये जमा होंगे. इस स्कीम में आप 100 रुपये से भी निवेश कर सकते हैं.टाटा यंग सिटीजंस फंड में भी कुछ इसी तरह का रिटर्न है. अगर आपने अपने बच्चे के नाम इस स्कीम में हर महीने 10 हजार रुपये 20 साल तक नि. वेश किए तो 20 साल के बाद आपके बच्चे के नाम 1.02 करोड़ रुपये जमा हो जाएंगे. आपको बता दें, टाटा यंग सिटी. जंस फंड लॉन्च 1995 में लॉन्च हुआ था और इसने अपने निवेशकों को सालाना 13.20 फीसदी के हिसाब से रिटर्न दिया है.

## पिता से विरासत में मिली छोटी सी दुकान को 23000 करोड़ के साम्राज्य में बदल दिया



नई दिल्ली रफीक मलिक भारत के जाने–माने अरबपति बिजनेसमैन हैं। वह दिग्गज फुटवियर रिटेल कंपनी मेट्रो ब्रांड्स के मालिक हैं। मुंबई की यह कंपनी मेट्रो शूज, वॉकवे, फिटफ्लॉप और द विंची जैसे मशहूर शू लेबल के साथ अपना नाम बना चुकी है। कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 23,000 करोड़ रुपये का है। रफीक मलिक की गिनती भारत के सबसे अमीर लोगों में होती है। आइए, यहां उनकी सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।मशहूर फुटवियर ब्रांड मेट्रो के चेयरमैन रफीक मलिक किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। रफीक का जन्म 30 अक्टूबर, 1950 को मायानगरी मुंबई में हुआ था। अपने पिता के छोटे से जूते के व्यवसाय को उन्होंने एक बड़े ब्रांड में बदल दिया। रफीक मलिक ने मुंबई यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता के फुटवियर बिजनेस को संभालना शुरू कर दिया। उनके पिता मलिक तेजानी ने 1955 में मुंबई में मेट्रो की शुरुआत की थी। उस समय यह एक छोटा सा जूते का स्टोर था। रफीक मलिक ने कड़ी मेहनत और लगन से मेट्रो को एक बड़ा ब्रांड बनाया।आज मेट्रो मोची, वॉकवे, मेट्रो शूज, दा विंची और फिटफ्लॉप जैसे कई ब्रांड के जूते बेचता है। देश के 160 शहरों में मेट्रो के 700 से ज्यादा स्टोर हैं। रफीक मलिक की बेटी फराह मलिक अब मेट्रो की मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। वह उनकी पांच बेटियों में से एक हैं। फोर्ब्स के अनुसार, रफीक की कुल संपत्ति +2.1 अरब (लगभग 17,160 करोड़ रुपये) है। 2023 में, वह फोर्ब्स की अरबपतियों की सूची में 1,434वें स्थान पर थे और 2022 में उन्हें भारत के 89वें सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया था। रफीक की शादी अजीजा मलिक से हुई है।मेट्रो ब्रांड्स का इतिहास 1955 से शुरू होता है। तब रफीक के पिता मलिक तेजानी ने मुंबई में एक जूते की दुकान खोली थी। यह कंपनी समय के साथ एक रिटेल दिग्गज के रूप में विक. सित हुई। धीरे–धीरे यह फुटवियर में एक विश्वसनीय नाम बन गई। कंपनी की यात्रा में एक अहम मोड़ तब आया जब दिवंगत निवेशक राकेश झुनझुनवाला ने इसकी क्षमता पर भरोसा दिखाया। 2007 में मेट्रो ब्रांड्स ने झुनझुनवाला को 15ः हिस्सेदारी बेच दी। इससे कंपनी की ग्रोथ को और बढ़ावा मिला।दिसंबर 2021 में रफीक ने 1,367 करोड़ रुपये का प्च्व् लॉन्च करके कंपनी को पब्लिक किया। इस पड़ाव ने मेट्रो ब्रांड्स को रिटेल बाजार में एक प्रमुख कंपनी के तौर पर बदल दिया। इससे भारत के व्यापार जगत में इसकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। एक जूते की दुकान विरासत में मिलने से लेकर अरबों का साम्राज्य खड़ा करने तक रफीक मलिक का सफर उनके विजन, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व को दर्शाता है। आज मेट्रो ब्रांड्स केवल एक व्यवसाय नहीं है। यह भारत में उद्यमशीलता की सफलता का प्रतीक है।

## सस्ते होम लोन के लिए फरवरी तक करें इंतजार, ब्याज दरों को घटाने पर सरकार

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने पिछले दो वर्षों से नीतिगत दरों को यथावत रखा है। बावजूद इसके अक्तूबर और नवंबर में ज्यादातर बैंकों ने होम लोन को महंगा कर दिया है। इसमें एसबीआई से लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक जैसे बड़े बैंक भी शामिल हैं। दुनियाभर के प्रमुख जैसे अमेरिका और ब्रिटेन के केंद्रीय बैंकों ने हाल में दरों को घटाना शुरू कर दिया है। ऐसे में आरबीआई भी फरवरी से दरों को घटाने की सोच सकता है। इस समय महंगाई भले ही थोड़ी ज्यादा है, पर हाल में जिस तरह से आरबीआई पर अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए दबाव बन रहे हैं, उस हालात में दरों को कम करने पर जोर दिया जा सकता है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक अगले महीने की 4–6 तारीख के बीच होगी।गोयल से लेकर वित्त मंत्री तक दरों को घटाने के पक्ष मेंइस महीने में दो बार ऐसा वाकया हुआ है, जब केंद्र सरकार के दो बड़े मंत्रियों ने आरबीआई को दरों को घटाने के लिए जोर दिया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का मानना है कि दरों को घटाने में महंगाई कोई सही पैमाना नहीं है। लंबे समय से दरों को यथावत रखने से अर्थव्यवस्था का विकास बाधित होता है। ऐसे में महंगाई को पैमाना न माना जाए और दरों को घटाने की सोचा जाए। उनका यह बयान गवर्नर की मौजूदगी में था, जिस पर गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, दिसंबर में हम जवाब देंगे। यानी दरों को घटाने की शुरुआत हो सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में एसबीआई के कार्यक्रम में सीधे–सीधे कह दिया कि बैंकों की कर्ज की दरें बहुत ज्यादा हैं। इसे घटाने की जरूरत है। उनके मुताबिक, मौजूदा ब्याज दरें लोगों और उद्योगों के लिए भारी पड़ रही हैं। इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने और नए प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए कर्ज सस्ता होना चाहिए।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा